राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

पत्र संख्या–प0नि0–30–373/2021 271

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी–सह–,
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)।

पटना, दिनांक– 20.1.24

विषयः– **जिला परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, पंचायती समिति प्रमुख/उप प्रमुख, ग्राम पंचायत उप मुखिया, ग्राम कचहरी उप सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन भेजे जाने के संबंध में।**

प्रासंगः– **आयोग का पत्रांक 4497 दिनांक 30.12.2023**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, पंचायती समिति प्रमुख/उप प्रमुख, ग्राम पंचायत उप मुखिया, ग्राम कचहरी उप सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने संबंधी प्रतिवेदन पर सहमति/असहमति एवं अपने स्पष्ट मंतव्य/अनुशंसा के साथ प्राप्त प्रतिवेदन प्रपत्र एवं आवश्यक कागजात आयोग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में आयोग को प्रतिवेदन प्राप्त हो रहे हैं। परन्तु विहित प्रपत्र के अनुसार अनुलग्नक प्राप्त नहीं हो रहे हैं। जिससे समीक्षा कर निर्वाचन की तिथि निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग का निदेश है कि–

(क) आयोग के प्रासंगिक पत्र का **अक्षरशः अनुपालन** सुनिश्चित की जाय।

(ख) प्रतिवेदन के साथ सभी **साक्ष्य** आवश्य संलग्न की जाय।

(ग) निर्वाचित प्रतिनिधियों को अविश्वास प्रस्ताव संबंधी बैठक की सूचना का **तामिला प्रतिवेदन एवं निर्गत नोटिस** भी पत्र के साथ संलग्न की जाय।

अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई की जाय ताकि त्वरित गति से आयोग स्तर से मामले का निष्पादन किया जा सके। साथ ही सभी संबंधित को तत्संबंधी निदेश के संबंध में अवगत कराना सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,
20/01/24
सचिव।

ज्ञापांक–पं.नि. 30–373/2021 271 पटना, दिनांक– 20.1.24

प्रतिलिपि– आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

20/01/24
सचिव।

ज्ञापांक– पं.नि. 30–373/2021 271 पटना, दिनांक – 20.1.24

प्रतिलिपिः– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार राज्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/01/24
सचिव।

ज्ञापांक प0नि0 प0नि0–30–373/2021 271 पटना, दिनांक– 20.1.24

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/01/24
सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com



Comp.4E:\ukumar\Panchayat Bye Election_2023\Panchayat Election Letter 2023

20.1.24